
हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 4 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 32.2 डिग्री

4
रायगढ़ के डीएमएफ फंड में सारंगढ़ और महासमुंद की भी हिस्सेदारी



## खबर संक्षेप




### रौनियार परिवार मनाएगा महर्षि कश्यप जयंती

**पत्थलगांव।** किलकिला के पावन धरा में इस वर्ष भी रौनियार परिवार महर्षि कश्यप जयंती मनाएगा। इसके लिए रौनियार समाज ने सभी तैयारी पूरी कर ली है। रौनियार परिवार के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान 5 अप्रैल शुक्रवार को बंद रहेगा।रौनियार परिवार के मनोज गुप्ता ने बताया कि 5 अप्रैल दिन शुक्रवार को किलकिलेश्वर धाम में रौनियार परिवार के द्वारा महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाने की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। सुबह से शाम तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व सभी वर्ग के बच्चों के लिए खेलकूद के कार्यक्रम किए जायेंगे। प्रथम रहने वालों को रौनियार समाज के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। महर्षि कश्यप जयंती को लेकर महिलाओं एंव बच्चो में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### सर्व सचिव और सर्व बीएलओ की बैठक



**जशपुरनगर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को मद्देनजर रखते हुए आज विधानसभा क्षेत्र-12 जशपुर के एसडीएम जशपुर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा सर्व सेक्टर ऑफिसर, सर्व सचिव और सर्व बीएलओ की बैठक आयोजित कर निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने मास्टर ट्रेनर को आवश्यक जानकारी देकर प्रोत्साहित किया। एसडीएम ने निर्वाचन के पूर्व और निर्वाचन के दिन होने वाली समस्या से अवगत कराते हुए इसके अग्रिम समाधान और आवश्यक तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

### सभी सेक्टर ऑफिसरों की हुई बैठक



**जशपुरनगर।** आगामी विधानसभा 2024 के तैयारी के संबंध में शासकीय रामभजन राय एनईएस कॉलेज जशपुर में आज सभी सेक्टर ऑफिसरों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बगीचा एसडीएम श्री ओंकार बघेल एवं जशपुर, मनोरा, सन्ना, बगीचा के तहसलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में सभी सेक्टर ऑफिसरों को समय में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कर तत्काल रिपोर्टिंग करने को निर्देशित किया गया। साथ ही मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर जल्द से जल्द सूचित करने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए।

### ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत

**जशपुरनगर।** रानीदाह से नगेरा पत्थर भरकर जशपुर की ओर आ रहे ट्रैक्टर के पलटने से ट्रैक्टर में सवार कुली का काम करने वाले सैहुन कुजुर की दबकर मौत हो गई। घटना इस तरह है कि ट्रैक्टर का चालक मनोज एक अन्य मजदूर को लेकर जशपुर जिला मुख्यालय से लगे पर्यटन स्थल रानिदह से नगेरा पत्थर लेने गया। पत्थर लोड करने के पश्चात मृतक सैहुन कुजुर व एक अन्य मजदूर के साथ साथ वापस लौट रहा था। वापसी के समय गिरामा नदी के चढ़ान पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नदी में पलट गई। ट्रैक्टर पर सवार सैहुन कुजुर की मौके पर ही मौत हो गई।

### कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

# नारायण व विक्की का जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने 27 मार्च 2024 को आदेश जारी कर नारायण यादव, पिता बोड राम यादव, उम्र 39 वर्ष, निवासी प्रेमनगर बटईकेला थाना कांसाबेल को 6 माच के लिए जिला बदर कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है।

आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा नारायण यादव, पिता बोड राम यादव को जशपुर जिले के समस्त क्षेत्र से 27 मार्च से 26 सितम्बर 2024 तक 06 माच के लिए बाहर जाना होगा। नारायण यादव को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर सत्येन्द्र देवांगन के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। गौरतलब है कि पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर के प्रतिवेदित अनुसार अनावेदक नारायण यादव पिता बोड राम यादव जाति महकुल उम्र 39 वर्ष साकिन प्रेमनगर बटईकेला थाना कांसाबेल, जिला जशपुर जो बदमाश प्रवृत्ति का व्यक्ति है। सन 2017 से अनावेदक के विरुद्ध थाना कांसाबेल में मारपीट, गाली-गलौज, छेड़छाड़, अनुसूचित जाति, जनजाति के सदस्यों पर अत्याचार, बलात्कार जैसे 07 प्रकरण पंजीबद्ध कर अन्वेषण बाद अपराध सबूत पाये विरुद्ध 63 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है।

## एसपी की अनुशंसा पर कार्रवाई


विक्की घासी।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा अंकित गर्ग के द्वारा पुलिस अधीक्षकों के साथ लिए गए समीक्षा बैठक में निर्देश दिया गया है कि जिले के अंदर जितने भी ऐसे गुंडा बदमाश है जिनके खिलाफ थानों में एक से अधिक अपराध दर्ज है उन पर जिला बदर की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिसका पालन करते हुए पुलिस अधीक्षक जशपुर द्वारा 07 गुंडा बदमाशों की सूची जिला दण्डाधिकारी जशपुर एवं कलेक्टर को जिला बदर के लिए अनुशंसा करते हुए प्रेषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट पर जिला दण्डाधिकारी जशपुर एवं कलेक्टर ने 27 मार्च को जिले के दो आदतन बदमाश नारायण यादव उम्र 39 साल, ग्राम बटईकेला एवं दिलीप गुप्ता उम्र 40 साल पुरानी बस्ती पत्थलगांव के विरूद्ध जिला बदर का आदेश पूर्व में जारी किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर जिला दण्डाधिकारी जशपुर एवं कलेक्टर जशपुर रवि मित्तल द्वारा जिला मुख्यालय जशपुर के कुख्यात बदमाश विक्की घासी उम्र 30 साल निवासी गढ़ाटोली (जशपुर) के विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(ख) के तहत कार्यवाही करते हुये बदमाश को 01 अप्रैल से 30 अक्टूबर 2024 कुल 06 माह तक की कालावधि के लिये निष्कासित करने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर के फरमान में स्पष्ट कहा गया है कि उक्त बदमाश को 24 घण्टे के अन्दर जिला से बाहर जाना होगा। बदमाश विक्की घांसी के विरूद्ध थाना जशपुर में चोरी व नकबजनी, आर्म्स एक्ट, छेड़छाड़, मारपीट करने जैसे 16 गंभीर अपराध दर्ज हैं एवं 11 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है।

# मैं भी हूँ मोदी का परिवार पहले मुझे मारो लाठीः गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

- गोमती साय छत्तीसगढ़ की जनता, ईंट का जबाब पत्थर से देगी

रायगढ़ लोकसभा संयोजक, रायगढ़ लोकसभा पूर्व सांसद, पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा जिस प्रकार छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपशब्द कहे है कि गोली मारो दो, हत्या कर दो, काट दो। इसकी मैं घोर निंदा करती हूं। यह तो कांग्रेस की प्रवृत्ति ही है। इस प्रकार की। गोमती साय ने कहा कि मैं भी हूँ मोदी का परिवार, पहले मुझे मारो लाठी। छत्तीसगढ़ की जनता, ईंट का जबाब पत्थर से देगी।

## रायगढ़ सीट पर रिकार्ड तोड़ जीत दर्ज करेगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

- मोदी जी की गारंटी, विष्णुदेव साय का सुशासन एवं मैदान में भाजपा कार्यकर्ता

रायगढ़ लोकसभा संयोजक, रायगढ़ लोकसभा पूर्व सांसद, पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने तमनार में आयोजित लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्तागण क्षेत्र में आपकी सक्रियता, देश भर में मोदी की गारंटी एवं राज्य में विष्णुदेव साय का सुशासन निश्चित ही रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में इस बार भाजपा को रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजय दिलाएगी। आप लोगो की मेहनत मोदी को मजबूती प्रदान करेगा। हम सब लोग मिलकर इस बार मोदी जी को छत्तीसगढ़ की ग्यारह की ग्यारह सीट का उपहार देंगे। सम्मेलन में रायगढ़ लोकसभा प्रभारी एवं लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, रायगढ़ लोकसभा सहप्रभारी गिरधर गुप्ता, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवशंकर पैकरा, पूर्व विधायक सत्यानंद राठिया, पूर्व विधायक सुनीति राठिया, सतीश बेहरा, गोकुल पटनायक, शांता साय, मनीष शर्मा, लक्ष्मी कांत जोशी गीतांजलि पटनायक, विनायक पटनायक, अरुण राय, जतिन साव, ललित यादव, बंशी चौधरी, पारेश्वर प्रधान, सहोद्धा राठिया, सुषमा खलखो और सविता राठिया सहित तमनार क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# साइबर ठगों ने ठगी का अपनाया नया तरीका

**जशपुरनगर।** 1 अप्रैल को तपकरा थाना क्षेत्र के लावाकेरा के पास ओड़िसा की ओर से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 14 एमएल 3497 को ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 6141 द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, उक्त मोटर सायकल में सवार रत्थू राम निवासी बिहाबाल पतराटोली की मृत्यू हो गई थी। प्रार्थी संदीप राम द्वारा अपने भाई की एक्सीडेंट से मृत्यू होने के उक्त मामले की रिपोर्ट थाना तपकरा में दर्ज करने पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया, वर्तमान में प्रथम सूचना पत्र ऑनलाईन दिखता है, जिसमें प्रार्थी का मोबाईल नंबर भी अंकित रहता है। कुछ देर बाद प्रार्थी द्वारा दर्ज कराये एफआईआर में अंकित मोबाईल नंबर में एक अज्ञात बोगस नंबर जो अपने आपको थाना प्रभारी बताते हुये प्रार्थी के मोबाईल पर कॉल किया एवं 02-03 दिवस में एक्सीडेंट का क्लेम 05-06 लाख दिलवा दूंगा कहा, इसके लिये कुल 20 हजार रूपए लगेंगें। उनके द्वारा तत्काल 10 हजार रूपए ऑनलाईन फोन पे में दोगे तो ट्रक मालिक को पकड़ने के लिये स्टॉफ भेजने की बात कही गई। प्रार्थी संदीप को संदेह होने पर फोन पे में रकम भेजने के पूर्व इसकी सूचना वास्तविक थाना प्रभारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी को फोन पर दिया एवं उनके द्वारा वास्तविक बात को अवगत कराया गया जिस पर प्रार्थी ठगी होने से बच गया। आजकल आये दिन इस तरह के घटना घटित हो रहें है। उक्त प्रकरण की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। उक्त मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री शशि मोहन सिंह द्वारा आमजन से अपील किया गया है किः- वर्तमान में प्रथम सूचना पत्र ऑनलाईन होने के कारण एवं मोबाईल नंबर एफआईआर में अंकित होने के कारण ठगी करने वाले गिरोह इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे हैं। प्रार्थी एवं अन्य किसी को इस प्रकार से फोनकॉल आते हैं तो वे तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा सके। जिस नंबर से प्रार्थी को प्रार्थी संदीप राम को फोन आया था उसकी जांच सायबर सेल यूनिट द्वारा की जा रही है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## 80 लीटर शराब जब्त, आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध नशीली वस्तु गांजा शराब, नशीली दवायें एवं नशे के अन्य वस्तुओं के बारे में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में 01 अप्रैल को चौकी उपरकछार पुलिस टीम ने मुखबीर से सूचना पर कार्यवाही करते हुये झारखंड की ओर से आ रहे मोटर सायकल एच एफ डिलक्स क्रमांक सीजी 14 एमक्यू 5997 में भारी मात्रा में अवैध रूप से नशीला मादक द्रव्य ताड़ी कुल 40 लीटर नशीला ताड़ी कीमती 2000 रूपए को लेकर आ रहे आरोपी दिगम्बर यादव उम्र 27 वर्ष साल औरीजोर थाना फरसाबहार से जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) (घ), 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये उसे 01 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी तपकरा उप निरीक्षक सुनील सिंह, के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उपकछार सहायक उप निरीक्षक रामनाथ राम, आरक्षक अन्नत भगत अनिल पैकरा आदि की भूमिका रही।

### अंक भारती आयोजित करेगी राष्ट्रभाषा हिंदी साहित्य सम्मेलन

**जाशपुरनगर।** नगर की संस्था अंक भारती रविवार 7 अप्रैल को एक दिवसीय राष्ट्रभाषा हिंदी साहित्य सम्मेलन का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम एक दिवसीय है लेकिन राष्ट्रीय भाषिक महत्व का है। परिसंवाद आत्मानंद स्कूल और हिंदी विद्यालय। देवनगरी अंकों की वैज्ञानिकता, विलुप्तता और आवश्यकता जैसे विषयों पर परिचर्चा होगी। अंक भारती के अध्यक्ष डॉ रवींद्र वर्मा का कहना है कि हिंदी के वो आपातकाल थे, काले दिन थे जब हिंदी विद्यालयों को समाप्त कर बहुत ही तेजी से अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खुलने लगे। ऐसे विषम समय में प्रारंभ से अब तक हिंदी माध्यम विद्यालय बचाओ अभियान के अंतर्गत जिस किसी ऊर्जावान ने कभी भी, कही भी, किसी भी रूप में किसी भी माध्यम से अपनी भूमिका या भागीदारी निभाई है, निर्भीकता से विरोध में संघर्ष करते हुए डेट रहे है, उन वीर हिंदी पुत्र, पुत्रियों का अभिनंदन कर प्रशस्ति पत्र दिया जाना है। ऐसे जन जिनका हिंदी बचाओ अभियान में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भूमिका रही है, हिंदी के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य किए हो हिंदी के संरक्षण एवम संवर्धन्य समृद्धि में के छेत्र में कार्य किए हो ऐसे कवि ,लेखक, साहित्यकार, पत्रकार, कलाकार आदि को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिया जाना है।

# जशपुर जनपद की मनरेगा शाखा के पीओ लेखापाल पर लगे आरोप की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- सचिव व सरपंचों के मोर्चा खोलने पर जिला प्रशासन ने दिया जांच के आदेश

जशपुर जिला मुख्यालय के जनपद के अधिकारियो पर अभी तक बेलगाम होने के ही आरोप लगा करते थे।अब तो जनपद के सरपंच ,सचिव इन पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाने लगे है।

मनरेगा जैसे प्रोग्राम गरीब जनता के रोजगार की गारंटी के लिए सरकार द्वारा बनाए गए थे। लेकिन अब ये इस प्रोग्राम से संबंधित अधिकारी के लाभ की गारंटी होती नज़र आने लगी हैं।इसके पहले भी मनरेगा में कई तरह के भ्रष्टाचार व लापरवाही की शिकायतें आती रही है।कभी भी मनरेगा में मजदूरी करने वाले गरीब को समय पर उसकी मजदूरी नहीं मिल पाती है।मनरेगा से संबंधित अधिकारी कर्मचारी अपने को सर्वशक्तिमान मान बैठे है।जिन अधिकारियों के अधिकार छेत्र में ये आता है उसकी नजर केवल मिलने वाले कमीशन पर होती है। इन अधिकारियो की ईमानदारी का आलम यह है की पिछले दिनों मनोरा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के यहां प्रवर्तन निदेशालय का छापा भी पड़ चुका है। सचिवों और सरपंचों के मोर्चा खोलने पर जिला प्रशासन ने जांच आदेश दे जांच सुरू कर इति श्री कर लिया लेकिन क्या जांच निर्णायक मोड़ तक पहुंचेगा। बुधवार को सुश्री कुसुम बड़ा, उप संचालक मनरेगा जिला पंचायत , ए पी ओ मिथिलेश पैंकरा और अभय सिन्हा लेखाधिकारी जिला पंचायत जशपुर ,जनपद मनरेगा शाखा पहुंच जांच सूरी कर दी है।देखना है परिणाम कितना सकारात्मक आता है और क्या पीड़ितो को न्याय मिल पाएगा।


प्रकरण की जांच करते अधिकारी।

### जांच अधिकारी कुसुम बड़ा उप संचालक मनरेगा

जनपद पंचायत पी ओ मनरेगा और लेखापाल की भ्रष्टाचार की शिकायत मिली थी जिसमे फाइलों की लेट लतीफी से संबंधित थी।किसी भी शिकायत करता ने अपने बयान में पैसे के लेनदेन से संबंधित बयान नही दिया है।अभी जांच चालराही है पूरी होने पर ही कोई निष्कर्ष निकलेगा।

### चंदनगुप्ता शिकायतकर्ता

जनपद में सबसे बड़ी समस्या यहां सप्लाई किए गए समान के भुगतान का है।समान देने के बाद सारी कागजी खानापूर्ति करने के बाद भी फाइल सालों तक लटकी रहती है।अगर पूछा जाए तो अधिकारी द्वारा टालमटोल किया जाता है।समझ नही आता है सभी कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद भी भुगतान करने में क्या दिक्कत है।

## आलपीन निगल जाने से संकट में फंस गई थी जान

# सीएम कैम्प की पहल से आठ साल की मासूम संध्या को मिला नया जीवन

- डीकेएस अस्पताल रायपुर में हुआ नि :शुल्क सफल आपरेशन

**जशपुरनगर।** खाना खाने के बाद,दांत साफ करने के दौरान,आलपीन को निगल जाने से,संकट में फंसी 8 साल की मासूम संध्या राउत को सीएम कैम्प की पहल से नया जीवन मिला है। रायपुर के डीके अस्पताल में सफल आपरेशन के बाद,संध्या घर लौट कर,इन दिनों स्वास्थ्य लाभ ले रही है। अपने जिगर के टुकड़े का जीवन बचाने के लिए संध्या के माता पिता ने,मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अभार जताया है। जशपुर जिले के फरसाबहार ब्लाक के डोंगादरहा निवासी संध्या राउत के पिता रविशंकर ने बताया कि लगभग 1 माह पूर्व,संध्या, ने नादानीवश,अल्पीन को मुंह में ले गई और गलती उसे निगल गई। जिस समय आलपीन,मासूम के पेट में गया वह खुला हुआ था। पेट की अंतड़ियों में फंसी आलपीन के चुभने से मासूम को भयंकर दर्द होने लगा। दर्द से बैचेन हो कर,आठ साल की संध्या का रो रो कर बुरा हाल हो गया। संध्या के माता पिता ने उसकी जांच बचाने के लिए,स्थानीय अस्पताल में जांच कराया। चिकित्सकों ने एक्सरे के माध्यम से पेट में फंसे हुए आलपीन का पता लगाया और इसे निकालने की कोशिश की। लेकिन,इसमें वे सफल नहीं हो सके। इस पर,चिकित्सकों ने,रवि शंकर को,किसी बड़े अस्पताल में ले जा कर,आपरेशन कराने की सलाह दी। लेकिन, ⏭ शेष पेज 4 पर



### पथरी का भी हुआ उपचार

पेट में फंसे हुए,आलपीन की दर्द से परेशान संध्या को जब उपचार के लिए अभिभावक,डीकेएस अस्पताल लेकर पहुंचे तो डाक्टरों ने जांच के दौरान पाया कि मासूम संध्या को पथरी की भी समस्या है जो आगे चल कर,उसके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है। आलपीन निकालने के साथ ही चिकित्सकों ने संध्या को पथरी की समस्या से भी निजात दिला दी है।

# यातायात समस्या का किया गया निराकरण



**जशपुरनगर।** पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह को विगत दिवस सूचना मिली कि पंकज गुप्ता निवासी गंझियाडीह अपने घर तथा दुकान के सामने आम रास्ता में सरिया तथा अन्य सामान रखा है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है।

व्यवसायी के उक्त कृत्य से आमजन में क्षोभ है एवं वाहन दुर्घटना की प्रबल संभावना है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक जशपुर के निर्देशन में एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, तहसीलदार तोश कुमार सिंह एवं सरपंच जय कृष्ण द्वारा मौके पर जाकर व्यवसायी पंकज गुप्ता को समझाईस दी गई तथा 01 दिवस के अंदर बेतरतीब रखे सामान का निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु कहा गया है, अन्यथा मार्ग व्यवस्था बाधित करने पर 283 भा.द.सं. व आमजनों को क्षोभ होने पर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 के तहत कार्यवाही की जायेगी। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है किः- यातायात संबंधी नियमों का पालन करें, यातायात समस्या के निराकरण में प्रशासन का साथ देवें, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।



3-APR--Jash-FULL-pg2_Layout 1 4/3/2024 8:29 PM Page 1






## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दुनिया भर में रिलीज होने के 8 महीने बाद जापान में रिलीज हुई ओपेनहाइमर



**लॉस एंजेलिस।** ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर अपनी वैश्विक रिलीज के आठ महीने बाद आखिरकार जापान में रिलीज हो गई है। जबकि दुनिया ने फिल्म की सराहना की, जापान अब तक वैश्विक स्क्रीनिंग से बाहर रखा गया था। क्रिस्टोफर नोलन निर्देशित फिल्म ने जापान के सिनेमाघरों में अपनी जगह बना ली। जापान के सिनेमाघरों में एक चेतावनी दिखाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि फिल्म में परमाणु परीक्षणों की तस्वीरें हैं, जो बमों से होने वाले नुकसान का कारण बन सकती हैं। इस महीने की शुरुआत में, ओपेनहाइमर ने ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म का पुरस्कार जीता। इसे अमेरिकन फिक्शन, एनाटॉमी ऑफ ए फॉल, बार्बी, द होल्डओवर्स, किलर्स ऑफ द फ्लावर मून, मेस्ट्रो, पास्ट लाइव्स, पुअर थिंग्स और द जोन ऑफ इंटरेस्ट के साथ नामांकित किया गया था। ब्लॉकबस्टर के लिए अन्य जीतों के अलावा, सिलियन मर्फी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की ट्रॉफी हासिल की, रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता और क्रिस्टोफर नोलन ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता। मर्फी ने अपने स्वीकृति भाषण के दौरान कहा, हमने उस आदमी के बारे में एक फिल्म बनाई, जिसने परमाणु बम बनाया और बेहतर या बदतर के लिए, हम सभी ओपेनहाइमर की दुनिया में रह रहे हैं।

### टॉलीवुड


## राजनीतिक ड्रामा होगी दलपति विजय की 69वीं फिल्म



**चेन्नई।** दलपति विजय अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसी बीच उनकी 69वीं फिल्म को लेकर चर्चा जोरों पर है। रिपोर्ट्स की मानें तो यह फिल्म अभिनेता की आखिरी फिल्म होगी। साउथ सुपरस्टार विजय फिलहाल अपनी आगामी फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच उनकी 69वीं फिल्म पर आए नए अपडेट ने सोशल मीडिया की हलचल बढ़ा दी है। रिपोर्ट की मानें तो, दलपति विजय की 69वीं फिल्म का निर्देशन तमिल निर्देशक एच. विनोत करेंगे, जिन्हें 'सथुरंगा वेट्टई' और 'थेरन अधिगारम' ओन्ड्रू जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। हालांकि, निर्देशक की पिछली दो फिल्में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। एच. विनोत को कमल हासन के साथ काम करना था, लेकिन किसी कारणवश बात नहीं बन पाई। खबर यह है कि 'दलपति 69' कुछ मजबूत तत्वों के साथ एक राजनीतिक नाटक होगा। कहा जाता है कि टॉलीवुड का प्रोडक्शन हाउस डीवीवी एंटरटेनमेंट, जिसने वैश्विक सनसनी 'आरआरआर' का निर्माण किया था, इस परियोजना का समर्थन कर रहा है। हालांकि, अब तक इन खबरों पर आधिकारिक मुहर नहीं लग पाई है। अभिनेता, निर्देशक या निर्माता की ओर से आधिकारिक पुष्टि से ही इस रहस्य से पर्दा उठ पाएगा। दलपति विजय को आखिरी बार इस साल लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित फिल्म 'लियो' में देखा गया था। फिल्म में तृषा कृष्णन, संजय दत्त, अर्जुन सरजा, गौतम वासुदेव मेनन, मैसस्किन, मैडोना सेबेस्टियन, सैंडी मास्टर और कई अन्य लोग प्रमुख भूमिकाओं में थे। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसी बीच सुपरस्टार की 69वीं फिल्म से जुड़ी रिपोर्ट मात्र ने फैंस के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है।

### भोजपुरी

## पिछले 20 सालों में सबसे बड़ी फिल्म बनकर उभरी महादेव का गोरखपुर



**मुंबई।** भोजपुरी फिल्मों के बदलते इतिहास की पटकथा लिखी जा चुकी है और यह पटकथा लिखी है मेगास्टार रवि किशन की फ़िल्मि 'महादेव का गोरखपुर' ने। पिछले दो दशकों में सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड इस फ़िल्मि ने तोड़ दिया है और एक नया ट्रेडमार्क सेट कर दिया है। अभी रिपोर्ट लिखे जाने तक कलेक्शन डिटेल में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। जब से भोजपुरी सिनेमा का यह तीसरा दौर शुरू हुआ है तब से लेकर अबतक इतनी बड़ी ओपनिंग किसी भी फ़िल्मि को नहीं मिल पाई थी और यह कारनामा 'महादेव का गोरखपुर' ने कर दिखाया है। देशभर में लगभग 200 सिनेमाघरों और अमेरिका के 12 सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फ़िल्मि ने भोजपुरी और हिंदी भाषा मे अपनी सफलता का परचम लहरा दिया है।

अभी इसे तमिल,तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होना बाकी ही है। फ़िल्मि भोजपुरी भाषा में ही बनी है और इसे बाकी भाषाओं में डब करके रिलीज किया जाएगा। 'महादेव का गोरखपुर' भोजपुरी फ़िल्मि इतिहास में अब तक कि सबसे बड़ी फिल्म बनने की राह पर चल पड़ी है। यह एक ऐसी पहली भोजपुरी फ़िल्मि भी बन गई है, जिसकी डबिंग करके साउथ इंडिया की भाषाओं में रिलीज करने की तैयारी है। फ़िल्मि को मिली बड़ी ओपनिंग पर खुशी व्यक्त करते हुए इस फ़िल्मि के एक्टर मेगास्टार रवि किशन कहते हैं कि 'अब दर्शकों के अंदर बदलाव आ चुका है और भोजपुरी फ़िल्मिमेकर्स को इस बदलाव को समझना होगा।

मौनी रॉय बॉलीवुड की हॉट एक्ट्रेस में से एक हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने हॉट और स्टाइलिश अंदाज को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। वहीं मौनी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। इसके साथ ही हाल ही में मौनी रॉय ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मौनी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। दरअसल, मौनी ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें एक्ट्रेस ने शिमरी कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं।




## फ्लावर वॉल डेकोर के यूनिक आइडियाज देंगे हॉल को न्यू और क्लासी लुक




क्या आप अपने घर को एक नया और क्लासी लुक देने की सोच रहे हैं, गर्मी के दिनों में हॉल में कुछ चेंज करना चाहते हैं तो फ्लावर से वॉल डेकोरेशन कर सकते हैं। फूलों से दीवार की सजावट करना खूबसूरत और आकर्षक आइडिया हो सकता है। अपनी पसंद और बजट के मुताबिक इसे आप कस्टमाइज कर सकते हैं। ऐसे में आपको फ्लावर वॉल डेकोर के यूनिक आइडिया बता रहे हैं। जो आपके घर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए खाली दीवारों में जान फूंकने का काम कर सकते हैं। इन आइडियाज को फॉलो करने के बाद लोग आपके घर की तारीफ करते नहीं थकेंगे। आपसे यही पूछेंगे कि इतना अच्छा डेकोरेशन आखिरी कैसे किया। ?

**फ्लावर वॉल पेंटिंग या फ्रेम :** हॉल को सुंदर और अट्रैक्टिव लुक देने के लिए फ्लावर वॉल पेंटिंग का सहारा ले सकते हैं। आप अपनी पसंद के हिसाब से फूलों की डिजाइन का सिलेक्शन कर सकते हैं। अगर पेंटिंग बनवाने में मुश्किल लग रही हो तो आप फ्रेम्स भी बना सकते हैं। इसके लिए किसी भी तरह के फूलों को चुन सकते हैं फिर उनका फ्रेम बनवा सकते हैं।

**फूलों के स्ट्रिंग या लटकन :** अगर अपने घर को एक एलिगेंट लुक देना चाहते हैं तो फूलों के स्ट्रिंग या लटकन एक शानदार तरीका हो सकता है। इसके लिए आप कई तरह के फूलों का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिन्हें दीवार के सहारे लगा सकते हैं या फिर लटकन की तरह डिजाइन कर सकते हैं। इससे दीवार सिर्फ अच्छी नहीं लगेगी बल्कि अट्रैक्ट भी करेंगी।

**फ्लावर वॉल पेपर :** हॉल को यूनिक लुक देने के लिए फ्लावर वॉल पेपर एक आसान और बजट के मुताबिक बेहतर तरीका हो सकता है। सजावट के लिए अपने घर को फूलों से अपडेट करना हो तो कई रंगों और पैटर्न में फूलों के वॉल पेपर आते हैं, जिनका इस्तेमाल किया जा सकता है। साथ ही आप घर के सामान के कलर का फ्लावर वॉल पेपर ढूंढ सकते हैं।

**फ्लावर वॉल टाइल्स :** घर को कलरफुल और इंटरेस्टिंग बनाने के लिए फ्लावर वॉल टाइल्स भी आपकी मदद कर सकते हैं ये घर को मॉर्डन और एलिगेंट लुक देने का शानदार तरीका है। फूलों की दीवार के लिए टाइल्स कई रंगों और पैटर्न में आते हैं इसलिए घर की सजावट के साथ मेल खाने वाले टाइल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।


**फूलों के गुलदस्ते या कॉर्नर :** नेचुरल तरीके से दीवारों को नया लुक देने के लिए फूलों के गुलदस्ते अच्छा ऑप्शन हैं। आप चाहें तो फ्रेशनेस के लिए ताजा फूलों का इस्तेमाल भी सकते हैं या फिर आर्टिफिशियल फूलों से भी सजावट कर सकते हैं। इसमें आपका बजट कम ही लगेगा क्योंकि आर्टिफिशियल फूल सालों साल तक चलेंगे।

## फ्लॉलेस मेकअप लुक के लिए फॉलो करें ये टिप्स आएगा नेचुरल निखार और दिखेंगी खूबसूरत...

परफेक्ट मेकअप लुक एक सहज और बहतरीन फिनिश प्राप्त करता है, जो आपके आत्मविश्वास और सुंदर महसूस कराता है। हालांकि, फ्लॉलेस मेकअप लुक पाना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर यदि आप सही तकनीक नहीं जानते हैं या सही उत्पादों का उपयोग नहीं करते हैं। लेकिन अब चिंता मत करो! यहां आपके फ्लॉलेस मेकअप लुक को निखारने के लिए कुछ आसान टिप्स दिए गए हैं।

### फेयर स्किन के लिए

फेयर स्किन टोन वाली महिलाओं को वेज पिंक टिंट वाला फाउंडेशन सलेक्ट करना चाहिए। अगर आपका कॉम्प्लेक्शन यालोइश है तो आप वेज और ओरेंज अंडरटोन फाउंडेशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। फेयर स्किन पर आइब्रो के लिए ब्लैक की जगह ब्राउन रंग की आइब्रो पेंसिल ज्यादा बेहतर है। ब्लैक आईलाइनर के साथ ब्राउन आईशैडो का इस्तेमाल करें। फेयर स्किन टोन वालों को गालों पर पिंक या रेज ब्लश का इस्तेमाल करना चाहिए। लाइट मेकअप पर पिंक या न्यूड लिपिस्टिक लगाएं।



### डस्की स्किन के लिए

डस्की स्किन वाली लड़कियों को वर्म टोन वाला फाउंडेशन चूज करना चाहिए। कंसीलर के लिए केरेमल शेड ले सकती है, डार्क सर्कल छुपाने के लिए सही ढंग से कंसीलर का प्रयोग करें। फाउंडेशन को ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से ब्लेंड करें। डस्की स्किन वाले लोग आंखों के लिए ब्राइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल करें, इससे आपकी हाइलाइट अच्छे से होगी। डस्की स्किन के लिए रेड, कॉफी ब्राउन और मूव कलर की लिपिस्टिक बढ़िया लगेगी।

### सांवली स्किन के लिए

सांवली स्किन टोन वाली महिलाओं को ब्राउनिश शेड का फाउंडेशन का उपयोग करना चाहिए। सांवले रंग पर ब्राउन रंग का ब्लश खूबसूरत लगता है। इसके साथ ही आप हाइलाइटर पाउडर का इस्तेमाल करें। आई मेकअप के लिए लाइट कलर यूज करें। स्मोकी आई लुक के लिए आप ब्लैक आईलाइनर को स्मज करके लगाएं और फिर हल्के ब्राउन रंग का आईशैडो लगाएं। सांवले रंग पर लिपिस्टिक के न्यूड शेड्स काफी परफेक्ट लगते हैं।

## भूल जाएंगी नेल एक्सटेंशन जब जानेंगी जोजोबा ऑयल के फायदे

लड़कियां चाहती है कि उसके नाखून सुंदर और लंबे हों, लेकिन पोषक तत्वों की कमी और सही देखभाल न मिलने के कारण नेल्स की ग्रोथ पर असर पड़ता है। इसकी वजह से हमारे नाखून बढ़ना कम कर देते हैं। ऐसे में नेल एक्सटेंशन की जगह आप कुछ नेचुरल रेमेडीज के इस्तेमाल से नेल ग्रोथ को फिर से बढ़ा सकती हैं।

अगर नेल एक्सटेंशन न करें तो फिर क्या करें? आपके मन में भी यही सवाल आ रहा होगा। जवाब आपके घर में ही मौजूद है। जी हां, और ये उपाय है जोजोबा ऑयल। इसमें विटामिन ई, बी कॉम्प्लेक्स, और मिनरल्स जैसे कि जिंक, कॉपर, और क्रोमियम जैसे आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जो नाखूनों के लिए बहुत जरूरी होते हैं।नाखूनों को मॉइस्चराइज करता है।



### नेल्स के ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करता है

हमारे शरीर के हर हिस्से में ब्लड सर्कुलेशन का ठीक होना जरूरी होता है और जोजोबा तेल भी यही काम करता है। ये तेल नाखूनों में रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे इन्हें पोषण और मजबूती मिलती है। जब आपके नाखूनों को सही पोषण मिलेगा तो उनकी ग्रोथ भी अच्छी होगी।


### फंगल इन्फेक्शन से लड़ता है

अक्सर तरह-तरह की नेल पॉलिश और एक्सटेंशन की वजह से हमारे नाखूनों में इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है। इसकी वजह से नेल्स के आसपास की स्किन सूजकर लाल हो सकती है और वे टूट भी सकते हैं। ऐसे में जोजोबा ऑयल में मौजूद एंटी-फंगल गुण नाखूनों को फंगल इन्फेक्शन से बचाने में मदद करते हैं।

## आइब्रो और पलकों के तेजी से बढ़ाने है हेयर, तो आजमाएं ये घरेलू उपाय

घनी पलकें और भौहें चेहरे की सुंदरता को बढ़ाती हैं। लेकिन बहुत कम महिलाएं ऐसी होती हैं, जिनकी पलकों और भौहों दोनों पर घने बाल होते हैं। अगर आप भी घने बाल चाहती हैं तो आपको अपनी पलकों और भौहों का खास ख्याल रखना होगा। इसलिए आपको कुछ ऐसे ही घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनका अगर आप रोजाना पालन करेंगे तो आपको जल्द ही अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**जैतून तेल :** ग्रीन टी के पानी की 10 बूंदों में 5 बूंद ऑलिव ऑयल मिलाएं और थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। फिर पानी को छान लें। अब इसमें जैतून का तेल मिलाएं और इस मिश्रण को मस्कारा ब्रश की मदद से अपनी पलकों और आइब्रो पर लगाएं। इसे रोजाना इस्तेमाल करें, जल्द ही आपको असर दिखने लगेगा।



**अरंडी का तेल :** 5 बूंद अरंडी का तेल, 5 बूंद नारियल और थोड़ा काजल मिलाएं। अब इस मिश्रण को मस्कारा ब्रश की मदद से पलकों और आइब्रो पर लगाएं। रात को सोने से पहले इसका इस्तेमाल करना सबसे अच्छा है, यह तरीका ज्यादा कारगर होगा।

**पेट्रोलियम जेली:** 1/2 चम्मच पेट्रोलियम जेली में 2 बूंद विटामिन-ई तेल मिलाएं और इसे कांच की छोटी बोतल या कैन में बंद कर लें। अब इस मिश्रण को मस्कारा ब्रश की मदद से पलकों और भौंहों के बालों पर लगाएं। इसे रोजाना इस्तेमाल करें, जल्द ही आपको परिणाम मिलेंगे।

**कच्चा दूध :** एक चम्मच कच्चे दूध के मस्कारा ब्रश को दिन में एक बार भौंहों और पलकों पर लगाएं। यह आपके लिए बहुत कारगर होगा।

**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा जेल कम समय में भौंहों और पलकों को घना करने का एक तरीका है। मस्कारा ब्रश से आइब्रो और पलकों पर थोड़ा सा एलोवेरा जेल लगाएं। ऐसा रोजाना करने से आपको कुछ ही दिनों में फायदा होगा।

### कार्नर न्यूज

### किचन भले ही छोटा हो लेकिन उसका सुंदर, साफ और व्यवस्थित होना बहुत जरूरी

## किचन क्लीनिंग को लेकर हैं परेशान तो घबराएं नहीं ये आसान तरीके हैं न, चमकदार दिखेगी रसोई

*किचन की ठीक तरह से सफाई इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यह सीधे तौर पर हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा मामला होता है। किचन भले ही छोटा हो लेकिन उसका सुंदर, साफ और व्यवस्थित होना बहुत जरूरी होता है। अगर किचन ज्यादा बड़ा हो तो उसकी सफाई को लेकर और ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। किचन क्लीनिंग करना घर की महिलाओं के लिए वैसे ही चैलेंजिंग काम होता है। आप भी अगर अपने किचन की सफाई को लेकर परेशान हैं और उसकी क्लीनिंग को लेकर प्लानिंग कर रहे हैं तो हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो कर आसानी से किचन की बेहतर तरीके से साफ-सफाई की जा सकती है।*



### सिंक को बेकिंग पाउडर से साफ करें

सिंक साफ करने के लिए उसमें गर्म पानी डालें। फिर उसमें सिरका डालें और सिंक को बेकिंग पाउडर से साफ करें। सिंक की चमक लौट आएगी। किचन की सफाई के दौरान सिंक की सफाई करना भी एक बड़ा काम होता है। सिंक के नल को साबुन या सर्फ से ब्रश की मदद से साफ करें। ध्यान रखें कि सिंक में या स्टील के नलों में एसिड लगने पर हमेशा के लिए उसके दाग पड़ जाते हैं।

### कैबिनेट्स को साफ करने के लिए लिक्विड सोप करें यूज

बर्तन माजने के स्क्रबर से अच्छी तरह से कैबिनेट को रगड़कर साफ किया जा सकता है। उसके बाद एक साफ कपड़े को गीला कर कैबिनेट को पोछ लें। किचन कैबिनेट्स को साफ करना भी चुनौतीपूर्ण काम होता है। इसके लिए सफेद सिरका और लिक्विड सोप का इस्तेमाल किया जा सकता है।



### टाइल्स सफाई के लिए सिरका का करें उपयोग

टाइल्स पर अगर ज्यादा चिकनाई जम गई है और सामान्य तरीके से साफ नहीं हो पा रही है तो घर में इस्तेमाल किए जाने वाले एसिड से टाइल्स को रगड़ें इससे सारी गंदगी साफ हो जाएगी। किचन का इस्तेमाल करने के दौरान सबसे ज्यादा गैस स्टैंड के पास की दीवार की टाइल्स खराब होती हैं। उन्हें साफ करने के लिए बर्तन धोने के स्क्रबर का इस्तेमाल करें। उसमें साबुन या सर्फ लगाएं और टाइल्स को रगड़ें। इसके बाद एक साफ कपड़ा लेकर पानी से टाइल्स को साफ करें। टाइल्स की पुरानी चमक लौट आएगी। टाइल्स सफाई के लिए सिरका, बेकिंग सोडा, अमोनिया और ब्लीच का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप




### सारंगढ़ पालिका सीएमओ की निर्वाचन आयोग में शिकायत

**रायगढ़।** सारंगढ़ के कांग्रेस नगर अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने रिटर्निंग ऑफिसर सारंगढ़ को लिखित शिकायत करते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद् सारंगढ़ में राजेश कुमार पाण्डेय प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में कार्यरत है जो कि रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र का स्थायी एवं स्थानीय निवासी है, जिनका लोकसभा क्षेत्रांतर्गत सारंगढ़ तहसील में गहरी राजनीतिक पैठ है तथा भारतीय जनता पार्टी से जुड़े मंत्री व नेताओं के साथ आए दिन उठ.बैठ रहता है एवं अंदरूनी तौर पर राजेश कुमार पाण्डेय राजनीति में अपना सहभागिता निभाते हैं। चूंकि श्री पाण्डेय जिम्मेदार पद पर पदस्थ हैं, इस कारण लोकसभा चुनाव में अन्य राजनीतिक पार्टी के विरोध में कार्य करते हुये चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं, जिसका अंदेशा एवं संदेह बनी हुई हैए इस कारण श्री पाण्डेय प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् सारंगढ़ के विरुद्ध उचित दण्डात्मक कार्यवाही करते हुये रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के बाहर स्थानांतरित किया जाना आवश्यक हो गया है। इसके अलावा नगर पालिका में दुकानों के आबंटन से लेकर नामांतरण आदि में भी अवैध वसूली करने का आरोप सीएमओ पर लगाते हुए कलेक्टर को कार्रवाई हेतु आवेदन किया गया है।

### खरसिया के युवा रविंद्र ने किया भाजपा प्रवेश



**खरसिया।** खरसिया की राजनीति में सबसे चर्चित चेहरे रविन्द्र गवेल ने सोमवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस को छोड़ बीजेपी ज्वाइन कर ली। रविंद्र गवेल ने अपने भाषण में कहा कि उनके राजनीतिक गुरु शहीद नंदकुमार पटेल रहे हैं उन्हीं के आदर्शों और प्रेरणाओं को आत्मसात करते हुए वे सदा समाज के हित में अपना सर्वस्व समर्पित करते हुए राजनीति नहीं वरन काजनीति करने में विश्वास रखते हैं रविन्द्र ने मोदी जी के भारत को विकसित बनाने के संकल्प और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने के उद्देश्य को लेकर ही मैंने भाजपा में प्रवेश किया है। चूंकि रविन्द्र और उनका परिवार दशकों से कांग्रेस का कट्टर समर्थक रहा है ऐसे में रविन्द्र के अचानक पार्टी बदलने को लेकर खरसिया के राजनैतिक गलियारों में तरह तरह की चर्चा हो रही है।

### 24 लीटर शराब के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में सोमवार का थानाक्षेत्र के ग्राम पूंजीपथरा, तुमीडीह, छर्राटांगर, टिभाउडीह में ग्रामीणों को नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक कर अवैध शराब बिक्री की सूचना देने प्रेरित किया गया। इसी दरमियान मुखबिर से मिली सूचना पर हर्राडीह मार्ग जंगल रास्ते में आरोपी सुखलाल यादव निवासी चिराईपानी तथा जगतराम यादव निवासी हर्राडीह को अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है। वहीं ग्राम टिभाउडीह पुल के पास घेराबंदी कर आरोपी बिहारी लाल राठिया निवासी गदगांव तथा आरोपी गंगाधर राठिया निवासी हर्राडीह को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। आरोपियों के कब्जे से 500-500 उस पॉलीथीन में भरा 48 पैकेट महुआ शराब कुल 24 लीटर महुआ शराब, कीमती 2400 रूपए की जब्ती की गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सीएम कैम्प की ...

आर्थिक तंगी ने,रवि शंकर का रास्ता रोक लिया। ऐसे में उन्होनें संध्या के उपचार में सहायता के लिए जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया में स्थित सीएम कैम्प में गुहार लगाई। मासूम की गंभीर स्थिति को देखते हुए,सीएम कैम्प ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर,संध्या के उपचार के लिए रायपुर के डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में व्यवस्था की। यहां चिकित्सकों ने पीड़ति संध्या की जांच करने के बाद,पेट का आपरेशन कर,अतड़ी में फंसे हुए पिन को बाहर निकाल कर,उसे नया जीवनदान दिया है,और समुचित इलाज कराकर वापस घर लौट आई हैं। नेक पहल के लिए परिजन ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

---

जशपुर के बदले अब सारंगढ़ को देना होगा रायगढ़ से हिस्सा

# रायगढ़ के डीएमएफ फंड में सारंगढ़ और महासमुंद की भी हिस्सेदारी

**जनवरी से मार्च तक करीब 70 करोड़ से अधिक रकम मिलने का अनुमान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में खनिज न्यास निधि डीएमएफ से जिले को 160 करोड़ रुपए मिलने का अनुमान है। दिसंबर 2023 खनिज न्यास निधि से 90 करोड़ 63 लाख रुपए मिला है। जनवरी से मार्च तक सबसे अधिक कोयले का प्रोडक्शन होता है इसी बीच में ही कोयले प्रोडक्शन से करीब इसी तीन माह में करीब 70 करोड़ रुपए और मिलने का अनुमान जताया गया है। रायगढ़ से जो खनिज न्यास निधि से जो राशि मिलता है उसमें सारंगढ़ और महासमुंद जिले को भी डीएमएफ से हिस्सेदारी दी जाएगी।

दिसंबर 2023 तक 90 करोड 63 लाख रुपए डीएमएफ फंड से मिल है। जनवरी से मार्च तक इन 3 माह चुका में करीब 70 करोड़ से अधिक रकम मिलने का अनुमान है, इस बार करीब 160 करोड़ रुपए मिलने का अनुमान है। लेकिन रायगढ़ को खनिज न्यास निधि से लगभग 96 करोड रुपए मिलेंगे, जिसमें खनन क्षेत्र के अलावा अन्य जगहों में भी काम होगे। इसमें खासकर खनन क्षेत्र इलाकों में विकास से जुड़े काम को प्राथमिकता दिया जाता है, इसके आसपास इलाकों में भी इस फंड से खर्च किया जाना है। जिसमें शिक्षा अधोरसंरचना, स्वरोजगार जैसे कई क्षेत्र में इस बजट का इस्तेमाल होता हैए हालांकि प्रदेश में नई बीजेपी की सरकार बनने के बाद इस फंड में नए सिरे से नई रोडपेम में काम किया



जाना है। कहा जा रहा हैं कि लोकसभा चुनाव के आचार संहिता हटने के बाद नई कार्ययोजना बनाकार काम होगा। मार्च.अप्रैल में खनिज न्यास निधि की शासी समिति की बैठक होनी है। लेकिन आचार संहिता की वजह से यह बैठक भी नहीं हो पाई है, यह बैठक भी अब जून दृ जुलाई में होंने की बात कही जा रही है।

### सरकार ने जारी किया नया निर्देश

रायगढ़ से खनिज न्यास निधि से जो कुल राशि मिलती है उसमें पिछले साल तक जशपुर और महासमुंद को हिस्सा दिया जाता था। जो दोनों जिलो को 15-15 फीसदी राशि खर्च किया जाता था अब सरकार ने नया निर्देश जारी किया है। जिसमें कहा गया हैं कि रायगढ़ से खनिज न्यास निधि से नए जिले सारंगढ़ दृ बिलाईगढ़ और महासमुंद को इसकी हिस्सेदारी दी जानी हैण जिसमें दोनो जिलों को 20.20 कुल 40 फीसदी राशि दी जानी है। रायगढ़ को खनिज न्यास निधि से सबसे अधिक रकम 60 फीसदी राशि मिलेगा। इस वर्ष से इसका बंटवारा होगा। इस साल सरकार ने डीएमएफ से दोनो जिलो को 5-5 फीसदी राशि अधिक मिलेगो।

# पति-पत्नी की निर्मम हत्या, 4 वर्ष बाद भी कार्रवाई नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




- हाईकोर्ट ने जशपुर एसपी को नोटिस जारी किया

हाईकोर्ट ने पति-पत्नी की निर्मम हत्या के मामले में सही जांच नहीं होने और 4 वर्ष बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने पेश याचिका में जशपुर एसपी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

जशपुर जिला के आस्ता थाना क्षेत्र में 2 जुलाई 2020 को पति-पत्नी की निर्मम हत्या कर दी गई थी। पीएम रिपोर्ट में दोनों की कई लोगों द्वारा मिलकर हत्या करने की पुष्टि हुई। इस मामले में पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज किया था, किन्तु 4 वर्ष बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा व ना ही आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। परिवार को सिर्फ जांच जारी होने की बात कही गई। मृतकों को न्याय नहीं मिलने पर पिता एवं अन्य रिश्तेदार ने हाईकोर्ट में याचिका पेश की है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस अरविंद कुमार अग्रवाल की डीबी में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने डबल मर्डर केश की जांच में लापरवाही को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने जशपुर एसपी को नोटिस जारी कर पूछा है कि अब तक मामले क्या कार्रवाई हुई है। 9 अप्रैल को मामले में सुनवाई होगी।

# श्मशान की भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ नगर क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन द्वारा सोमवार को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई। आला अधिकारी एवं अमले की मौजूदगी में बेजा कब्जा कर किए गए निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है।

बताया गया है कि इस जमीन का गोंड़ए कंवर व यादव समाज के द्वारा शमशान घाट के रूप में किया जाता है। जिसके कारण इस अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रकरण के जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कार्य किया गया है। विधिवत सुनवाई के पश्चात इस मामले में एसडीएम डिगेश पटेल ने अवैध कब्ज़ा हटाए जाने के आदेश दिए। जिसके बाद सीएमओ प्रभात शुक्ला दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण को ढहा दिया गया। इस मामले के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक 1 अप्रैल को धरमजयगढ़ सीएमओ नगर क्षेत्र के पतरापारा मोहल्ले में पहुंचे। उनकी उपस्थिति में अमले ने कार्रवाई करते हुए प्रताप नामक व्यक्ति द्वारा सरकारी जमीन पर बनाए गए स्ट्रक्चर को गिरा दिया। शमशान घाट की भूमि पर से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की इस कार्रवाई के लिए स्थानीय निवासियों ने प्रशासन का आभार जताया है।

# राज्य का सीमा पार कर महाराष्ट्र तक पहुंचा फुड ग्रेड महुवा स्वाद



**जशपुरनगर।** जशपुरिया जंगली फल महुआ से तैयार लड्डू और सैनेटाइजर कीमहक छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को लांघते हुए महाराष्ट्र तक पहुंच गई है जो अपने स्वाद और खुशबू की छटा पूरे देश में बिखरने को तैयार है। फूड ग्रेड महुआ के संग्रहण करने के तरीके और संग्रहित किए गए महुआ के लड्डू व सैनेटाइजर जैसे अन्य कई उत्पाद तैयार कर आर्थिक आत्मनिर्भरता का गुण सीखाने के लिए छत्तीसगढ़ का जशपुर जिला तैयार हो गया है। इस गुण को सीखने के लिए महाराष्ट्र के पालघर जिले के जवाहर गांव के आठ किसानों का दल कल से जशपुर में डेरा डाले हुए है। किसानों का यह दल दुलदुला के केंदपानी गांव में आधुनिक तरीके से संग्रहित किए जा रहे महुए की जानकारी लेने के साथ साथ जशपुर में महुआ से तैयार होने वाले कई प्रकार के खाद्य व सैनेटाइजर बनाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी लेंगे।

### तीन राज्यों से संबंध रखता है व्यापार

जिले में उत्पादित महुए का व्यापार मुख्यता जिले से लगे तीन राज्यों से जुड़ा हुआ है और इसका मूल्य भी मांग और पूर्ति के सिद्धांत पर तय होता है। आर्थिक रूप से कमजोर गांव के ग्रामीण महुआ के सीजन में इसका संग्रहण करते है और इसे सूखाकर स्थानीय व्यापरियों को बेच देते है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण ग्रामीण इसका भंडारा नहीं कर पाते है जो ग्रामीण सूखाकर इसका भंडारा करते है वो इसे अपने संपत्ति के रूप में संभल कर रखते है। और पैसे कीआवश्यकता पड़ने पर इसे बेच अपनी जरूरतों को पूरा करते है। अभी वर्तमान मेंजशपुर जिले में महुए की कीमत 40 और बेहतर ढंग से सूखाए हुए महुए कीकीमत 50 रूपए प्रति किलो है। जशपुर जिले से छत्तीसगढ़ के अन्य इलाकों सहितझारखंड व उड़िसा में भी बेचा जाता है। जिलों में जय मंगल फार्मर्स प्रोड्सर्स के माध्यम से स्टॉल लगाकर बेचा जाता रहा है। इसी दौरान जवाहर नगर के किसानों का ध्यान हमारे उत्पात पर पड़ा औरउन्होने इसकी तकनीक सीखने की इच्छा जताई। महाराष्ट्र से आए हुए किसानों का शहर के बालाछापर गौठान यहां का महुआ विभिन्न प्रकार के चाय और स्थानीय ओखली (ढेकी) से तैयार किए चवाल दिखया गया। फिर इन्हें केंदापानी का भ्रमण करा महुए के संग्रण की जानकारी दी जाएगी।

# पुसौर में 56 लाख से अधिक राशि की हुई राजस्व आय




**पुसौर।** शासन के निर्देश से नगर पंचायत पुसौर द्वारा प्रति वर्ष अपने क्षेत्र मे रोपित करों की वसूली कर राजस्व आय अर्जित किया जाता रहा है किन्तु इस वर्ष बीते सभी वर्षो से सबसे अधिक राशि वसूली होने की जानकारी प्रकाश में आया है चूंकि अवकाश के दिन भी यहां के दो कर्मचारी वरिष्ठ लिपिक संदीप पटेल एवं सहयोगी अनंतराम यादव कार्यालय में वसूली हेतु तैनात रहे। बताया जाता है कि सीएमओ क्षितिज सिंह के मार्गदर्शन में राजस्व प्रभारी किशोरी लाल यादव व उनके टीम के लोगों ने समूचे वार्डों में हाका के जरिए सभी नगरवासियों को बकाया कर के भुगतान हेतु निवेदन किया था जिससे कुछ वार्ड वासियों को छोड प्रायः सभी लोगों ने सस्फुर्त ही आकर अपनी अपनी बकाया भुगतान किया। अर्जित राजस्व आय को लेकर सीएमओ क्षितिज सिंह ने बताया कि अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का लोगों को दी जा रही लगातार सुझाव के मद्देनजर यह आय हासिल हो पाई है जो 31 मार्च के स्थिति में 56 लाख रूपए से अधिक है जो पिछले सालों की तुलना में लगभग दुगुना है।

### सी विजिल एप से कर सकेंगे आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**रायगढ़।** स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा निर्वाचन 2024 में भी सी विजिल टपहपस मोबाइल एप लेकर आया है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त होने पर समय सीमा में कार्रवाई की जाएगी। सी विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होने पर उडनदस्ता एफ एसटी तुरंत मौके पर पहुँच कर जरूरी कार्रवाई करेगा।

# ग्राहक तलाश रहे 2 तस्करों से 11 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- कोतवाली और कोतरारोड़ पुलिस ने की एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई

कोतवाली ने जहां रेलवे स्टेशन के बाहर एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया तो वहीं कोतरा रोड पुलिस ने कोसमनारा से एक तस्कर को रंगे हाथों धर दबोचा। दोनों ही गांजा तस्करों से करीब 11 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए जब्त कर लिया। जब्त किए गए गांजे की कीमत करीब 1 लाख 29 हजार रूपए आंकी गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात को सिटी कोतवाली प्रभारी सुखनंदन पटेल को मुखबिर के माध्यम से जानकारी मिली कि रेलवे स्टेशन के बाहर शिव मंदिर के चबूतरे के पास एक व्यक्ति अपने बैग में गांजा रखा हुआ है और उसे ग्राहक को बेचने की फिराक में है। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए



कोतवाली पुलिस ने आरपीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए उक्त संदेही युवक से पूछताछ की। पूछताछ में युवक ने अपना नाम निगम कुमार जायसवाल पिता रामलाल जायसवाल उम्र 22 साल निवासी नवाटोला पोस्ट व थाना बिहारपुर जिला सुरजपुर बताया। उसकी बैग की जब तलाशी ली गई तो उसके भीतर 8 पैकेट में गांजा रखा हुआ था। इसका कुल वजन 8 किलो 308 किलोग्राम था। ऐसे में आरोपी को हिरासत में लेते हुए कोतवाली थाने लाया गया। वहीं जब्त किए गए गांजे की कीमत 99 हजार रुपए आंकी गई।

### 34 लीटर शराब के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

**रायगढ़।** भूपदेवपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सोमवार की रात को एक युवक को जबलपुर पुल के पास मोटरसाइकिल से 34 लीटर शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में भूपदेवपुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम जबलपुर पुल के पास नाकेबंदी कर बिना नंबर मोटरसाइकिल पर शराब परिवहन कर रहे आरोपी उत्तरा कुमार डनसेना पिता पतिराम डनसेना उम्र 34 साल निवासी ग्राम जबलपुर के कब्ज से 34 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत 3 हजार 400 रूपए आंकी गई है। वहीं मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया है।

# हत्या का फरार आरोपी चंद्रपुर से गिरफ्तार

**रायगढ़।** बीते साल 26 जुलाई को थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिरवानी में महिला साधनी बाई चौहान पति रामलाल चौहान उम्र 65 वर्ष के मौत के मामले में फरार आरोपी को आखिरकार चक्रधरनगर पुलिस ने चंद्रपुर से गिरफ्तार किया है।



बता दें कि 26 जुलाई को वृद्धा का शव उसके घर पर पड़ा मिला था। घटना के संबंध में मृतिका के दामाद देव सिह राठिया उम्र 55 वर्ष ने बताया कि उसकी सास साधनी बाई चौहान अकेली रहती थी। 26 जुलाई की सुबह मृतिका की नातिन रेखा चौहान, उसके नानी के घर गई तो देखी साधनी बाई जमीन में मृत हालत में पड़ी थी। बाहर से दरवाजा में कुंडी लगा था और घर के अंदर कपड़े अस्त व्यस्त पड़े थे। मृतिका साधनी बाई के गले की सोने की माला नहीं थी तथा आलमारी में रखे सोने चाँदी के ज़ेवर भी गायब थे। परिजनों ने चोरी को लेकर अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ऐसे में इस मामले में चक्रधरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लेते हुए जांच शुरू कर दी । अपराध के विवेचना के दरम्यान मृतिका के परिजनों, उसके घर आने जाने वाले लोगों से सघन पूछताछ कर जांच आगे बढ़ाई गई, जिसमें ग्राम छिरवानी के पास स्थित एसपीएस पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले अजय कुमार बेहरा का मृतिका के घर आने जाने की जानकारी मिली थी। घटना के बाद से संदेही अजय बेहरा फरार था, पुलिस को जांच में संदेही के खिलाफ कुछ और महत्वपूर्ण साक्ष्य भी मिले।

# रेलवे मंडल की वित्तीय वर्ष में लक्ष्य से अधिक लोडिंग

- रिकार्ड 172 मिलियन टन लोडिंग कर भारतीय रेलवे के सभी मंडलों में दूसरे स्थान पर रहे

**रायगढ़।** बिलासपुर मण्डल अपने समर्पित रेलकर्मियों के सम्मिलित सतत एवं अनुशासित प्रयास से विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर काम करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लदान लक्ष्य को पार करते हुये अब तक सर्वाधिक 172 मिलियन टन माल ढुलाई के मील के पत्थर को हासिल किया है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिये गए लदान लक्ष्य 169.5 मिलियन टन को मण्डल द्वारा 30 मार्च को ही हासिल कर लिया गया था द्य मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रिकार्ड 172 मिलियन टन माल ढुलाई कर अब तक का सर्वाधिक लोडिंग करने की नई उपलब्धि हासिल की गई द्य इसके पूर्व वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 159.54 मिलियन टन लोडिंग की गई थी। रेलवे द्वारा माल ढुलाई को आकर्षक बनाने के लिए कई तरह की रियायतें छूट भी अपने उपभोक्ताओं को दी गई, साथ ही माल परिवहन से संबंधित उपभोक्ताओं के समस्याओं का त्वरित निदान भी किया गया। लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खाद्यान रासायनिक खाद, खनिज, तेल आदि है। यह उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के निर्देशन एवं अन्य शाखाधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन से संभव हुआ। इस उपलब्धि के अवसर पर नियंत्रण कक्ष में मण्डल रेल प्रबन्धक प्रवीण पाण्डेय, उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा केक काटकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। मण्डल रेल प्रबन्धक प्रवीण पाण्डेय द्वारा अपने सभी कर्मचारियो एवं अधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दी गई एवं बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि इस उपलब्धि के असली कर्मयोगी रेल कर्मचारी हैं, जो दूरस्थ कोयला के खदान क्षेत्रों में पदस्थापित हैं और अपने पारिवारिक जीवन को छोडकर कर्म के मार्ग पर चलते हुये लदान लक्ष्य को पाने के लिए दिन रात काम करते हैं। सभी ने गर्व से इस अवसर पर उल्लास प्रकट किया।

### डाक मतदान के लिए 12 से फॉर्म भर सकेंगे अनिवार्य सेवा कर्मी

**सारंगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किए जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12 पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होता है। ऐसे में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कर्मियों को अधिसूचना 12 अप्रैल 2024 से 17 अप्रैल करना होगा। सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए फॉर्म 12 जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल है।

### वन्यप्राणी के शिकार के लिए बिछाया तार, करंट से ग्रामीण की मौत

**रायगढ़।** जिला मुख्यालय से लगे लामीदरहा गांव के जंगल में सोमवार की रात वन्यप्राणी के शिकार के लिए बिछाए गए करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना मिलने पर चक्रधरनगर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम छोटे रेगडा निवासी सूरज किस्पोट्टा पिता रमेश किस्पोट्टा 21 साल ट्रेक्टर चलाने का काम करता था। सूरज गांव की ही एक शादीशुदा महिला को पत्नी बनाकर साथ में रखा था। इसी बीच सोमवार की देर रात पत्नी से विवाद के बाद उसने अपने एक अन्य साथी गेंदू मिंज के साथ लामीदरहा जंगल गया। जहां जंगल में वन्यप्राणी के शिकार के बिछार गए करंट प्रवाहित तार के चपेट में आने से सूरज किस्पोट्टा की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद डरे सहमे मृतक की पत्नी व उसका सूरज का साथी गेंदू मिंज गांव पहुंचकर परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मंगलवार की सुबह परिजन सहित गांव के ग्रामीणों के द्वारा चक्रधर नगर पुलिस को इस घटना से अवगत कराया गया, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

